हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 25 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 14.4 डिग्री

12 मंडियों में एक से होगी गेहूं की खरीद व्यवस्थाएं ...



12 नाटक के जरिए कलाकारों ने प्रस्तुत की ...



## खबर संक्षेप

### मारपीट में एक ही परिवार के कई लोग घायल

**यमुनानगर।** गांव दड़वा माजरी में कहासुनी होने पर डेढ़ दर्शन से अधिक लोगों ने एक परिवार के सदस्यों पर हमला कर घायल कर दिया। हमले में परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। डेहा बस्ती दड़वा माजरी निवासी रितु ने सदर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका 23 मार्च को गांव की तिलका, सूरज व राजा बाबू के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने साथियों रोहित, मोनू, साहिल, कृष, भारत, अरुण, बल्ली, सोनी, आकाश, सोनू, अभिषेक, सरवीन, शकुंतलाद्व सूरजद्व अल्लाह रखाद्व लखन, कऊ व जॉर्ज के साथ मिलकर परिवार के सदस्यों पर पत्थर, लोहे के पंच व कांच की बोतलों से हमला कर दिया।

### कुवि विधि की टीमः मूट कोर्ट स्पर्धा में रनर-अप

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान की टीम ने गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, पानीपत (दिल्ली-एनसीआर) द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित 16वीं जीआईएल नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर-अप स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित विधि संस्थानों की 24 टीमों ने भाग लिया। विधि संस्थान के निदेशक प्रो. अमित लूदरी के मार्गदर्शन में संस्थान के विद्यार्थियों श्वेता कौशिक, दिव्यम भाटिया और यश वर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच टीम ने अपने प्रभावी तर्कों, गहन शोध और उत्कृष्ट प्रस्तुति के बल पर फाइनल राउंड तक का सफर तय किया।

### आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर हड़पे 6.65 लाख रुपये

**यमुनानगर।** आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर जगाधरी की कल्याण नगर निवासी अशोक कुमार से छह लाख 65 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप चंडीगढ़ सेक्टर-22 सिथत ईवीएस गुरप इमीग्रेशन कंपनी के कर्मचारियों पर लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अशोक कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान चंडीगढ़ सेक्टर 22 स्थित ईवीएस गुरप इमीग्रेशन द्वारा कम खर्च में विदेश भेजने का दावा किया गया था। बहकावे में आकर 12 लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने शुरू में छह-सात लाख रुपये बाकी पैसे बाद में लेने की बात कही। उसने आरोपियों को अलग-अलग करके छह लाख 65 हजार रुपये व अपने दस्तावेज भी सौंप दिए। आरोपियों ने उसे आस्ट्रेलिया नहीं भेजा।

### अंबालाः थाने से बच्चा लापता, मामला दर्ज

**अंबाला।** हिम्मतपुरा मोहल्ले से एक बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पीड़ित की मां का आरोप है कि पुलिस ने युवक को थाने से छोड़ देने की बात कही लेकिन वह 24 घंटे बीत जाने के बाद भी घर नहीं पहुंचा। कैंट थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### विदेश भेजने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी कर्मबीर सिंह को काबू किया है। कायतकर्ता अमर सिंह ने 18 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 अगस्त 2024 से 17 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपी सोमनाथ सिंह व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे 57 लाख 50 हजार हड़पने बारे धोखाधड़ी की है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

## वारदात की फिराक में था आरोपी, चोरी का सामान बरामद

# 17 लाख की साड़ियों की चोरी का पर्दाफाश

### 60 वारदातों में शामिल शातिर अपराधी गिरफ्तार

- 18 दिन की जांच के बाद पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले की सीआईए-3 टीम ने ओल्ड सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थित 'अप्सरा श्री एम्पोरियम' कपड़ा दुकान में हुई लाखों की चोरी के मामले को सुलझाते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जालंधर (पंजाब) निवासी अर्जुन शर्मा के रूप में हुई है, जो महज 50 साल की उम्र में मर्डर और कार चोरी जैसे करीब 60 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

### आरोपी ने रेकी की थी

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने वारदात से एक दिन पहले इलाके की 'रेकी' की थी। उसे पता था कि दुकान में नया माल आया है। जिस रात चोरी हुई, उस समय आसपास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरे शॉर्ट सर्किट के कारण बंद थे, जिसका फायदा उठाकर आरोपी शटर तोड़कर अंदर दाखिल हुआ और करीब 17 लाख रुपये की कीमती साड़ियां और नकदी लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कैमरें बंद होने का फायदा उठाया।



### ऐसे पकड़ा गया आरोपी

इंस्पेक्टर अजय कुमार के नेतृत्व में एएसआई प्रदीप सिंह की टीम ने करीब 300 किलोमीटर के दायरे में 18 दिनों तक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कड़ी मशक्कत के बाद 22 मार्च को आरोपी को कर्नाल के न्यू बस स्टैंड क्षेत्र से दबोच लिया गया।

### छिपाने के लिए किराये का कमरा ले रखा था

**ठिकानाः** आरोपी ने चोरी की साड़ियों को छिपाने के लिए अंबाला के बराड़ा स्थित होली गांव में एक दुकान किराये पर ले रखी थी।
**बरामदगीः** किराये की दुकान से दर्जनों साड़ियां और अन्य कपड़े बरामद
**कार की तलाशः** वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट डिजायर कार (जो 2025 में पंजाब से चोरी की गई थी) की बरामदगी के लिए पुलिस अभी प्रयास कर रही है।

### पानीपत था अगला निशाना

डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि अर्जुन शर्मा एक आदतन अपराधी है जो नाबालिग उम्र से ही अपराध की दुनिया में सक्रिय है। उसके खिलाफ हरियाणा और पंजाब के विभिन्न जिलों में हत्या, स्नैचिंग और कार लूट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के वक्त वह पानीपत में अगली वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

### कैमरे हमेशा चालू रखेंः डीएसपी

**पुलिस की अपीलः** डीएसपी ने व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों के सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू रखें और सुरक्षा के लिए बाहर के तालों के बजाय सेंटर लॉक' का इस्तेमाल करें।
**वर्तमान स्थितिः** आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। कल रिमांड खत्म होने के बाद उसे पुनः कोर्ट में पेश किया जाएगा।



### चोरी की आरोपी महिलाएं पकड़ी

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बिशन स्वरूप कालोनी में नरेश की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह की और तीन महिलाओं हेमा, नीलम उर्फ खजुरा व नैना निवासी झुग्गी झोपड़ी, कच्ची फाटक, इंद्रा कालोनी पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार विजय ने बताया कि आरोपियों के पास से चोरी का 37 किलो तांबा तार बरामद किया है। जबकि इस चोरी के इस मामले में थाना शहर में तहसील कैंप के भगत नगर निवासी नरेश पुत्र रमेश की शिकायत पर 21 फरवरी को आरोपियों पर बीएनएस की धारा 331(4), 305 के तहत केस दर्ज किया गया था।

### पानीपत में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

- दूसरा गंभीर घायल, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

**पानीपत।** पानीपत के भादड़-सुताना के रजवाहे के किनारे मंगलवार सुबह मोहित पुत्र सतवीर का शव पड़ा मिला। मोहित के मुंह पर चोट के निशान थे। वहीं, मोहित की बाइक क्षतिग्रस्त हालत में पास में ही पड़ी थी। जबकि मोहित का दोस्त रामशरण निवासी गांव अदियाना जिला पानीपत गंभीर रूप से घायल अवस्था में गांव भादड़ के पास पडा मिला। रामशरण को पीजीआई खानपुर में भर्ती करवाया गया था। जांच के बाद पुलिस ने मोहित के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। दूसरी ओर, मोहित के चाचा रामफल का आरोप है कि मोहित की हत्या की गई है।

## स्विट्ज़रलैंड में वर्ल्ड आर्चरी से हासिल की इंटरनेशनल कोच की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के युवा आर्चरी कोच नागेश्वर वशिष्ठ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्विट्ज़रलैंड के लॉज़ेन स्थित वर्ल्ड आर्चरी एक्सीलेंस सेंटर में आयोजित वर्ल्ड आर्चरी लेवल-वन कोचिंग सेमिनार में भाग लिया। वहीं वर्ल्ड आर्चरी एक्सीलेंस सेंटर ने नागेश्वर को इंटरनेशनल लेवल-वन कोच सर्टिफिकेशन देकर सम्मानित किया। वहीं, कार्यक्रम में दुनियाभर से आर्चरी कोचों ने भाग लिया। नागेश्वर ने इस दौरान आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक प्रशिक्षण पद्धतियों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार आर्चरी कोचिंग की गहन जानकारी हासिल की। स्मरणीय है कि नागेश्वर वशिष्ठ पहले से ही पानीपत में अपनी आर्चरी अकादमी के माध्यम से कई खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल पानीपत, बल्कि पूरे हरियाणा और देश का नाम रोशन हुआ है। नागेश्वर का कहना है कि लक्ष्य अब इन अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकों को भारत में लागू कर खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर तैयार करना है। सभी खिलाड़ियों और युवाओं के लिए प्रेरणा है जो खेलों में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।



**पानीपत।** स्विट्ज़रलैंड में इंटरनेशनल लेवल वन कोच सर्टिफिकेशन ग्रहण करते हुए नागेश्वर वशिष्ठ।

## अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को जगाधरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने कार्यकर्ताओं को पंडित दीन दयाल उपाध्याय के विचारों से अवगत करवाया। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका विचार दर्शन आज भी भारतीय राजनीति और समाज जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भाजपा की केंद्रीय सरकार एवं हरियाणा सरकार की अधिकतर योजनाएं अंत्योदय के सिद्धांत के तहत पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, चेयरमैन विपुल गर्ग, मुदित बंसल, कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल व अन्य कार्यकर्ता।

### भांजी से दुष्कर्म करता रहा मामा, गर्भवती होने पर हुआ खुलासा

**अंबाला।** एक गांव में मामा ने ही अपनी किशोर भांजी के साथ दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब किशोरी की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसके सात माह की गर्भवती होने की पुष्टि की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी मामा को काबू कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है। नग्गल थाना प्रभारी कर्मबीर ने बताया कि आरोपी पिछले आठ साल से गांव में खेतीबाड़ी का काम करता था। पत्नी व बच्चों के साथ गांव में ही किराये के मकान में रहता था। बहन भी पति व अपने पांच बच्चों के साथ रहती थी। भांजी के पिता की दो साल पहले ही सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसलिए आरोपी का घर पर आना जाना लगा रहता था। भांजी को भी घुमाने ले जाता था। परिजनों को अंदाजा भी नहीं था कि जिस पर वे भरोसा कर रहे हैं वही घर की बेटी की जिंदगी बर्बाद कर रहा है।

## अफीम तस्कर को 10 साल कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



आरोपी को 18 जनवरी 2022 को एंटी नारकोटिक सेल ने पकड़ा था

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट) ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी अमरजीत सिंह वासी पलासी कलां जिला सोलन हिमाचल को 10 साल कारावास व 1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि दिंनाक 18 जनवरी 2022 को एंटी नारकोटिक सेल के उप निरीक्षक पवन कुमार व मुख्य सिपाही नरेश कुमार की टीम पीपली चौक कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस ने अमरजीत सिंह वासी पलासी कलां जिला सोलन हिमाचल प्रदेश को एन एच-44 गांव सांवला से ट्रक नंबर एचपी-64-7844 सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी के ट्रक की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 4 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद हुई थी। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। मामले का चालान अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपी अमरजीत सिंह वासी पलासी कलां सोलन हिमाचल को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 के तहत 10 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है।

### विवाहिता की हत्या कर शव फंदे पर लटकाया

- मायका पक्ष ने ससुरालियों पर मेफरीन की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया

**पानीपत।** पानीपत के भारत नगर में मंगलवार सुबह 29 वर्षीय मेफरीन का शव संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला है। मायका पक्ष ने ससुरालियों मेफरीन की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए सिविल अस्पताल में हंगामा किया। वहीं, यूपी के कैराना क्षेत्र के मलकपुर गांव निवासी मेहरुनिशा ने बताया कि उनकी छोटी बहन मेफरीन का निकाह 11 साल पहले फरमान के साथ हुआ था। उनके पांच बच्चे हैं। फरमान का किसी अन्य युवती के साथ अवैध संबंध हैं। जिस कारण मेफरीन को काफी समय से प्रताड़ित किया रहा था। दूसरी ओर थाना किला पुलिस ने मेफरीन की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विकसिक हरियाणा बनाने के लिए रोडमैप तैयार

## सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश कर रहा प्रगति : राणा

- 10 वर्षों में हरियाणा राज्य की प्रति व्यक्ति आय में लगभग ढाई गुना की ऐतिहासिक वृद्धि हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतत्व में हरियाणा प्रदेश तेजी से प्रगति कर रहा है। यह शब्द कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने एक कार्यक्रम में कहे। मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। पिछले 10 वर्षों में हरियाणा राज्य की प्रति व्यक्ति आय में लगभग ढाई गुना की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि वर्ष 2005 से वर्ष 2014 की अवधि के बीच हरियाणा प्रदेश में लगभग 45 विश्वविद्यालय थे व भाजपा सरकार में वर्ष 2015 से वर्ष 2025 की अवधि के बीच 80 नए विश्वविद्यालय प्रदेश में स्थापित किए गए है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच हरियाणा का कुल निर्यात 19.10 बिलियन यूएस डॉलर का रहा है। मुख्यमंत्री भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा में किसानों की 24 फसलों को एम एस पी पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा केवल विकास ही नहीं कर रहा बल्कि वर्ष 2047 तक विकसित हरियाणा के रोडमैप को तैयार कर रहा है, ताकि आने वाले समय में लोगों को और अधिक सुविधा मिल सके।



**यमुनानगर।** कैबिनेट मंत्री को सम्मानित करते जिला मीडिया प्रभारी व अन्य। फोटोः हरिभूमि

### प्लाइवुड फैक्ट्री संचालिका पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप

**यमुनानगर।** शहर के पांसरा रायपुर रोड कामी माजरा स्थित मैसर्स ओसियान इंडस्ट्रीज की संचालिका निशा नवलखा पर टिंबर व्यापारियों की लाखों रुपये की पेमेंट हड़पने का आरोप लगा है। आरोप है कि ओसियान इंडस्ट्रीज की प्रोपराइटर निशा नवलखा ने टिंबर व्यापारियों से लकड़ी खरीद कर उनके पैसे नहीं दिए। बाद में आरोपी फैक्ट्री बंद करके फरार हो गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मां शताक्षी टिंबर के प्रोपराइटर भूप सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उसका लकड़ी का व्यापार है। वह किसानों से लकड़ी खरीद कर प्लाईवुड फैक्ट्री में सप्लाई करता है। उसने कुछ दिन पहले शहर के पांसरा रायपुर रोड स्थित कामी माजरा में मैसर्स ओसियान इंडस्ट्रीज में लकड़ी सप्लाई की थी। सप्लाई के पैसे नहीं दिए है।

### फैसलों से शैक्षणिक उत्कृष्टता होगी और मजबूतः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

## कुवि की एकेडमिक काउंसिल बैठक में 26 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

*विवि का लक्ष्य केवल डिग्री देना ही नहीं, बल्कि कौशल, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अकादमिक काउंसिल की 129वीं बैठक मंगलवार को श्रीमद्भगवद्गीता सदन के सीनेट हॉल में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास, पाठ्यक्रम संशोधन, विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग तथा प्रशासनिक नीतियों से जुड़े कुल 26 महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें अनुमोदन प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और अनुसंधान को निरंतर सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थानों और उद्योगों के साथ हुए सहयोग समझौते विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, प्रशिक्षण और बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगे। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री देना ही नहीं, बल्कि उन्हें कौशल, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि एकेडमिक काउंसिल के ये निर्णय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और मजबूत करेंगे। बैठक में सबसे पहले 27 अक्टूबर 2025 को आयोजित पिछली अकादमिक काउंसिल बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई तथा उस पर हुई अनुपालना कार्रवाई का संज्ञान लिया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों व संगठनों के साथ किए गए सहयोग समझौता ज्ञापनों को मंजूरी दी गई। अकादमिक काउंसिल ने विभिन्न विधि महाविद्यालयों की निरीक्षण रिपोर्टों को भी मंजूरी दी। बैठक में विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के पाठ्यक्रम और परीक्षा योजनाओं से संबंधित कई प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक को संबोधित करते कुवि के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डीन आफ कालेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो.जसबीर ढांडा, प्रो. कृष्णा, प्रो. मोहिन्दर चांद, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. कुसुम लता, प्रो. महावीर नरवाल, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. प्रदीप मित्तल, प्रो. सिद्धार्थ, प्रो. उषा रानी, प्राचार्या प्रो. रीटा, प्राक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. परमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, अकादमिक काउंसिल के सदस्य, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## रील बनाने के चक्कर में नहर में बहा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



वीरू

गोताखोरों की सहायता से पानी में बहे युवक को किया गया बरामद

रील बनाने के चक्कर में एक युवक दादूपुर हेड के पास नहर के पानी के तेज बहाव में बह गया। वह अपने चार दोस्तों के साथ जगाधरी से दादूपुर हेड पर रील बनाने के लिए गया था। घटना की सूचना मिलते ही बूडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से मंगलवार को युवक का शव बरामद कर लिया।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। जगाधरी निवासी 18 वर्षीय वीरू सोमवार शाम को चार अन्य दोस्तों के साथ दादूपुर हेड के पास रील बनाने के लिए गया था। उसके दोस्त बाहर जूते निकालने लगे मगर वीरू रील बनाने के चक्कर में नहर के अंदर उतर गया। तेज बहाव होने के कारण वीरू पानी में बह गया। उसके दोस्तों से जब वीरू को डूबते देखा तो उन्होंने शोर मचाया। आसपास के लोगों ने वीरू को बचाने का प्रयास किया लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण वह आंखों से ओझल हो गया। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की सूचना वीरू के परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर मंगलवार को पुलिस व गोताखोरों के साथ मिलकर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान वीरू का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## खबर संक्षेप

### 29 को लगेगा बाबा धारीमल की समाधि पर भंडारा

**रादौर।** कस्बा के गांव खुर्दबन में बाबा धारीमल की समाधि पर 29 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। वहीं दूर.दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने और पूजा अर्चना करने पहुंचेंगे। हिंदू सिख एकता की मिसाल रहे बाबा धारीमल की समाधि पर वर्षों से लोग आस्था लेकर पहुंच रहे है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समाजसेवी सतीश सैनी ने बताया कि बाबा धारीमल ने गांव खुर्दबन व धनौरा के जंगलो में वर्षो तपस्या की और इसी स्थान पर वह ब्रह्मलीन हो गए। इस जगह पर गांव खुर्दबन धनौरा के लोगों ने बाबा धारीमल की समाधि बनाई। बाबा धारीमल की समाधि पर जहां गुरूग्रंथ साहिब का पाठ होता है वहीं रामचरित मानस का पाठ भी किया जाता है। पिछले एक महीने से बाबा धारीमल की समाधि पर पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

### नारी निकेतन व बाल आश्रम का निरीक्षण

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव डॉ. इरम हसन ने नारी निकेतन, श्रद्धानंद बाल आश्रम व एमडीडी बाल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं व बच्चों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इंद्री स्थित सब डिविजनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी व मध्यस्थता केंद्र का भी दौरा किया। सीजेएम डॉ. इरम हसन ने लंबित मामलों के निपटारे के लिए मध्यस्थता केंद्रों की भूमिका पर जोर देते हुए कम्यूनिटी मीडिएशन के माध्यम से प्री-लिटिगेशन स्तर पर मामलों को सुलझाने के निर्देश दिए।

### अग्रवाल वैश्य समाज की नई टीम घोषित

**करनाल।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से करनाल जिला इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।

इसमें देवेंद्र अग्रवाल को जिलाध्यक्ष, संजय गोयल को महासचिव और मुकेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने पदभार संभालते हुए संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### महोत्सव में होगा दो पुस्तकों का विमोचन

**करनाल।** दिल्ली के द्वारका में 26 मार्च को आयोजित गुलाबी साहित्यिक महोत्सव में साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण की दो पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। यह आयोजन प्रेरणा दर्पण साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच और साहित्य 24 के संयुक्त तत्वावधान में होगा, जिसमें प्रसिद्ध कवि डॉ. हरीश नवल और विशिष्ट अतिथि ऋषि कुमार शर्मा विमोचन करेंगे। विमोचित पुस्तकों में 'मन के जाल्लै' (कुंडली संग्रह) और 'घणा बदलग्गा यार जमाना' (हरियाणवी लघु कविता संग्रह) शामिल हैं। कृष्ण कुमार निर्माण पहले भी कई पुस्तकें लिख चुके हैं और उनकी रचनाएं आकाशवाणी व दूरदर्शन पर प्रसारित हो चुकी हैं।

## बिजली लाइनों के मुआवजे को लेकर किसानों की बैठक

# सरकार की पॉलिसी किसान हित में प्रशासन कर रहा मनमानी : दहिया

पावर हाउस बकाना से सेक्टर 18 जगाधरी के पावर हाउस तक बिजली निगम की ओर से बिछाई जानी है 66 केवी की बिजली लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


**रादौर।** गांव बदनपुरी में आयोजित बैठक में भाग लेते किसान।

बिजली निगम की लाइन को बिछाने के मुआवजे को लेकर मंगलवार को किसानों की बैठक एक आयोजन हुआ। बैठक कस्बा के गांव बदनपुरी में हुई, जिसकी अध्यक्षता गुरमेज सिंह व किसान नेता राजेश दहिया सुढैल ने की। उन्होनें बताया कि बिजली निगम द्वारा पावर हाउस बकाना से सेक्टर 18 जगाधरी के पावर हाउस तक बिजली निगम की ओर से 66 केवी की बिजली लाइन बिछाई जानी है। इसी को लेकर किसानों के मुआवजे को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गांव बदनपुरी, मोडली, इस्माइलपुर, गलोली, हरनौल, टोपरा खुर्द के किसानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर किसान नेता राजेश दहिया ने कहा कि इस लाइन का काम पिछले 2-3 साल से गाँव सुढल सुढैल में रुका हुआ है। अब सरकार द्वारा जो पॉलिसी बनाई गई है, वह किसान हित में है। परंतु जिला प्रशासन जबरदस्ती कर रहा है। सरकार की गाइडलाइन को न मानकर अपनी मनमानी कर रहा है, जिसका किसान कड़ा विरोध कर रहे हैं। सभी किसानों ने प्रशासन द्वारा बनाई गई कमेटी का विरोध किया और कहा कि किसानों को प्रशासन द्वारा मार्किट कमेटी रेट को लेकर बनाई गई कमेटी में अपनी मर्जी से किसी किसान को सदस्य बनाने का अधिकार नहीं है। अपना प्रतिनिधि किसान खुद तय करेंगे। किसान प्रशासन की कमेटी का विरोध करते हैं। जब तक किसानों की बात नहीं मानी जाएगी। बिजली लाइन पर कोई भी कार्य नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को कोई भी कुर्बानी देनी पड़े किसान पीछे नहीं हटेंगे। आंदोलन जारी रखते हुए जल्द ही नेशनल हाईवे एनएच 344 गांव सुढल में धरना शुरू करेंगे। इसी के साथ किसानों ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस अवसर पर किसान नेता हरपाल सिंह सुढलए, रोहित, प्रिंस, हरीचंद हरनौल, संजीव बालियान, अमरजीत टोपरा खुर्द, नैब सिंह टोपरा खुर्द, हरिंदर इस्माइलपुर, जगदेव, धर्मपाल मोडली, दलवीर सिंह, सुनील शर्मा, मनजीत सिंह, गजा सिंह, शौकीन अली आदि किसान मौजूद रहे।

### अधर में लटका बिजली लाइन का कार्य

इस मौके पर समस्त ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे। इस समस्या को लेकर किसान कई प्रशासन के पास जा चुके है। लेकिन उनकी समस्याओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से बिजली निगम की ओर से 66 केवी लाइन का काम अधर में पड़ा हुआ है। जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली निगम की ओर से संबंधित किसानों को अभी तक मुआवजा भी प्रदान नहीं किया गया है। कई गांवों के किसान बिजली लाइन के विरोध में सरकार व बिजली निगम के खिलाफ निरंतर आंदोलन कर रहे है।

# युवाओं का व्यवसाय की ओर अग्रसर होना जरूरी: प्रकाश


**रादौर।** बैठक में भाग लेते स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य।

- स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों द्वारा आयोजित की गई बैठक


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों की ओर से रादौर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांत महिला संयोजक डॉ. दीपमाला व जिला संयोजक प्रदीप चौधरी ने की। कार्यक्रम में मौजूद जिला महिला प्रमुख मिनाक्षी मकलोहा देखरेख में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मंच के आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनाई गई। वहीं वार्षिक निधि संग्रह को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से किए जा रहे कार्यो के बारे भी विस्तार से जानकारी दी और निधि संग्रह के कार्य को लेकर भी अपना मार्गदर्शन दिया। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच न केवल समाज में लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है, बल्कि युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी प्रयासरत है। जिसके तहत समय समय पर अनेक कार्यशालाएं व कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। युवाओ को बताया जा रहा है कि वह किस प्रकार केवल नौकरी की ओर भागना छोड़कर अपना व्यवसाय स्थापित कर दूसरों को नौकरी देने वाला बन सकते है। मंच की ओर से किए जा रहे इस प्रयास में काफी सफलता भी मिल रही है। युवा वर्ग इस अभियान के साथ जुडकर अपने व्यवसाय की ओर बढ़ रहा है। सरकार ने भी उद्यमिता आयोग का गठन करने की घोषणा की है। जिस पर कार्य चल रहा है। जिसके बाद युवाओं को अपना उद्योग स्थापित करने में सरकार की ओर से हर प्रकार की मदद मिल सकेगी। इस अवसर पर मंच से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

# उपभोक्ता अधिकारों का विद्यार्थियों को ज्ञान होना बेहद जरूरी: डॉ. भल्ला

- खालसा कालेज में उपभोक्ता जागरूकता, अधिकार व रिड्रेसल मैकेनिज्म विषय पर हुआ वेबिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** आनलाइन राष्ट्रस्तरीय वेबिनार में अपने विचार रखते हुए वक्ता।

गुरु नानक खालसा कालेज में मंगलवार को उपभोक्ता जागरुकता, अधिकार व रिड्रेसल मैकेनिज्म विषय पर आनलाइन राष्ट्रस्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में देश भर के राज्यों से 1021 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने किया। प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों को उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हरियाणा, पंजाब,आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, केरलए,राजस्थान व दिल्ली समेत पंद्रह राज्यों के हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान उपभोक्ता राइटस व अवेयरनेस पर क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें 28 प्रतिभागियों ने सौ प्रतिशत स्कोर हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से विद्यार्थियों को उपभोक्ताओं के प्रोटेक्शन के बारे में व्यावहारिक ज्ञान बढ़ता है। मौके पर इवेंट विभाग की अध्यक्ष डॉ. जसविंदर कौर, प्रो. अशोक खुराना व डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने उपभोक्ताओं के अधिकारों में जागरुकता फैलाने पर जोर दिया।

### जेएमआईटी कॉलेज में दीक्षांत समारोह 31 को

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में 31 मार्च को वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए कालेज निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि इस मौके पर विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पहुंच मुख्यअतिथि द्वारा बच्चों को सम्मानित किया जाएगा तथा बच्चों को संबोधित भी किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां कर ली गई। उन्होंने बताया कि वार्षिक दीक्षांत समारोह में साल 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया जाएगा। निदेशक एसके गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कॉलेज के सभी कोर्स व पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी से लोगों को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर कॉलेज प्राध्यपक समेत अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

# समाज को सही दिशा में ले जाने का विद्यार्थी करें प्रयास: कांबोज

- स्टार वे स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए चेयरमैन जोगिंदर कांबोज

स्टार वे स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य रुप से आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वर्ष 2002 से 2007 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय के चेयरमैन जोगिंद्र सिंह कांबोज ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज मौजूद रही।

प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि स्कूल में पहुंचने पर पूर्व विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व गुलदस्ते भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद सम्मेलन में पूर्व विद्यार्थियों के लिए रस्साकसी समेत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद पूर्व विद्यार्थियों ने स्कूल में बिताए अपनी यादों के बारे में अपने विचार सांझा किए। मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा जहां नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, अन्य विद्यार्थियों ने पूर्व विद्यार्थियों के सम्मान में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। खास बात यह रही कि पूर्व विद्यार्थियों को स्वादिष्ठ भोजन करवाया गया। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने सभी पूर्व विद्यार्थियों को विद्यालय में पहुंचने के लिए धन्यवाद किया।


**रादौर।** राजू गुप्ता को नियुक्त पत्र सौंपते हुए जिला अध्यक्ष संदीप सैनी व अन्य।

### राजू गुप्ता बने राष्ट्रीय बजरंग सेना के ब्लॉक अध्यक्ष

**रादौर।** राष्ट्रीय बजरंग सेना हरियाणा द्वारा समाजसेवी राजू गुप्ता को ब्लाक अध्यक्ष बनाया । अध्यक्ष बनने पर सेना के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। इस दौरान सेना के जिला अध्यक्ष संदीप सैनी ने राजू गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपकर पदभार ग्रहण करवाया। नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा कि संगठन की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है। वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह अधिक से अधिक लोगों को साथ जोड़कर सेना के संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्त के लिए संगठन के पदाधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट किया। मौके पर सेना के जिला अध्यक्ष संदीप सैनी ने नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष राजू गुप्ता को पदभार ग्रहण करवाया। उन्होंने कहा कि राजू गुप्ता के ब्लाक अध्यक्ष बनने से सेना ब्लाक स्तर पर मजबूत होगी।

# डिजिटल युग में समय समय पर आंखों की जांच जरूरी : सखूजा

- जेएमआईईटीआई कॉलेज में लगाया गया नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


**रादौर।** कॉलेज में छात्र की आंखों की जांच करती डॉक्टर।

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ के नेत्र स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें आंखों से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित विद्यार्थियों की आंखों की विस्तृत जांच की। जिन विद्यार्थियों को दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें उचित उपचार एवं चश्मे के लिए सलाह दी गई। डॉ. नीति सखूजा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में आंखों की देखभाल अत्यंत आवश्यक है और ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करवाने और स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह दी। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, स्टाफ एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें निःशुल्क जांच सुविधा प्रदान करना था।

### शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**रादौर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरेहडी में शहीदी दिवस के उपलक्ष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं स्कूल के चेयरमैन बलवंत सिंह समाजसेवी जोगध्यान लाडवा ने रक्तदानियों को बैज लगाकर किया। चेयरमैन बलवंत सिंह ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वहीं, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों द्वारा 500 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर दर्जनों लोगों के नेत्रों की भी जांच की गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों व बच्चों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए और उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई। चेयरमैन बलवंत सिंह ने कहा कि रक्तदान करना पूण्य कर्म है। इसके करने से दूसरों की जिंदगी बचाई जा सकती है।


**यमुनानगर।** रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

# महर्षि दयानंद ने समाज को बुराइयों से बचाने का दिखाया सही मार्ग: शर्मा

- डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज स्थापना के अवसर पर किया वैदिक यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


**रादौर।** आहुतियां अर्पित करते हुए बच्चे व स्टाफ सदस्य।

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अवसर पर वैदिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ के सदस्यों व विद्यार्थियों ने वैदिक यज्ञ में आहूतियां अर्पित कर विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा ने की।


वैदिक यज्ञ में धर्म शिक्षक अमित कुमार शास्त्री ने मंत्रोचारण करके आहुतियां अर्पित करवाई। शास्त्री ने बताया कि दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी। उन्होंने विद्यार्थियों को दयानंद सरस्वती द्वारा बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। मौके पर स्कूल के प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि आर्य समाज स्थापना सप्ताह का समापन बुधवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब समाज में अंधविश्वास व बाल विवाह जैसी कुरीतियों का बोलबाला था। मौके पर विद्यार्थियों ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## प्राचीन श्री देवी मंदिर में हुआ भजन कीर्तन, झुमे श्रद्धालु

# छठे नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने की मां कात्यायनी की पूजा

मंदिरों में माता के दरबार में पहुंचकर भक्तों ने चढ़ाया नारियल और चुनरी, मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


प्राचीन श्री देवी मंदिर में भजन कीर्तन कर मां का गुणगान करते श्रद्धालु।

चैत्र नवरात्र के छठे नवरात्र पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर मां के छठे स्वरुप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी।

मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालु शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर समेत जिले में स्थित मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने मां के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबस से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं, कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन कर मां का गुणगान किया गया। इसके अलावा मां के जागरण भी हुए।

### अमोघ फल देने वाली है मां कात्यायनी

मां शीतला माता मंदिर के पुजारी पंडित राजेश्वर ने बताया कि मां दुर्गा का छठा स्वरुप कात्यानी इसलिए पड़ा, क्योंकि महर्षि कात्यायन ने भगवती की कठोर तपस्या द्वारा माता से उनकी पुत्री के रुप में अवतरित होने का वरदान प्राप्त किया। कालांतर में ऋषि के यहां भक्तों के कल्याणार्थ कात्यायनी का प्रादुर्भाव हुआ। मां का यह स्वरुप अमोघ फल देने वाला है। इस मां के स्वरूप की अराधना ब्रज धाम की गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पाने के ली की थी। मान्यता है कि मां कात्यायनी का जप तक करने से मनोकामना पूरी होती है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन सिंह है। इनके दर्शन से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यानी चारों फलों की प्राप्ति संभव है।

## खबर संक्षेप



### फ्री हेल्थ कैंप लगाकर जांचा 56 लोगों का स्वास्थ्य

**पिहोवा।** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन गांव नीमवाला और स्योंसर में पहुंची। इन दोनों गांवों में डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। गांव नीमवाला में 29 लोगों को दवा देने के साथ चार मरीजों लैब टेस्ट किए गए। जबकि स्योंसर में 22 मरीजों की ओपीडी हुई। कुल 56 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं।

### शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया 29 को

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) के कुरुक्षेत्र व निकट के योग जिलों के अधिकारियों, कार्यकतार्ओं, साधकों व योग जिज्ञासु आम जनता के लिए शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया रविवार, 29 मार्च 2026 को प्रातः 6 बजे से 10:30 बजे तक संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में करवाई जाएगी। इस शुद्धि क्रिया को करने के इच्छुक संस्थान के साधक शुक्रवार, 27 मार्च को दोपहर 1:00 बजे तक अपना नाम अपने योग जिले के प्रधान अथवा मंत्री को नोट करवा दें।

### सैनिक स्कूल में भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

**थानेसर।** श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल न्यू सैनिक स्कूल में आज महान क्रांतिकारी भगत सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर कैडेट श्रेयस एवं अच्चछित ने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से भगत सिंह के महान व्यक्तित्व, देशभक्ति और बलिदान से सभी को परिचित कराया। प्रशासनिक अधिकारी सूबेदार मेजर सुरेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

### 7767 बेटियों का किया जाएगा वैक्सीनेशन

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान के तहत कुरुक्षेत्र जिला में 7767 बेटियों को टीकाकरण करने के लक्ष्य को जल्द ही पूरा करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को आधार मानकर काम करना होगा। इतना ही नहीं वैक्सीनेशन अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले सरपंच व पार्षद को जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित भी किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि एमओ, एसएमओ, डिप्टी सीएमओ, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और आंगनवाड़ी वर्करों के साथ शेड्यूल तैयार करके गांव व शहरों में शिविर लगाएंगे, ताकि आमजन इस अभियान के प्रति जागरूक हो सके।

---

### 5 लाख 91 हजार 284 मीट्रिक टन गेहूं की आवक की संभावना

# गेहूं खरीद 1 अप्रैल से, कुरुक्षेत्र में बनेंगी 25 मंडियां व उपकेंद्र

**एजेंसियों ने खरीद कार्य में लापरवाही बरती तो होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राज्य सरकार के आदेशानुसार गेहूं खरीद कार्य 1 अप्रैल से शुरू होगा। सरकार द्वारा गेहूं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस सीजन में लगभग 5 लाख 91 हजार 284 मीट्रिक टन गेहूं की आवक आने की संभावना है। खरीद कार्य के लिए कुरुक्षेत्र में 25 मंडिया और सब सेंटर स्थापित किए गए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इन सभी खरीद केन्द्रों पर एजेंसियों के अधिकारियों को मेहनत और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। अगर किसी भी स्तर पर खरीद कार्य में लापरवाही नजर आई तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में रबी खरीद सीजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में लाडवा उपमंडल अधिकारी अनुभव मेहता वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। उन्होंने सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने अधीनस्थ मंडियों का निरीक्षण करे और तमाम सुविधाओं और प्रबंधों का जायजा ले। सरकार के निदेर्शानुसार मंडी में फसल लेकर पहुंचने वाले किसान के वाहन का फोटो होगा, जिसे पोर्टल पर अपलोड करने के उपरांत गेट पास जारी होगा, बायोमेट्रिक फसल बेचने के समय होगी। उन्होंने सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रबी खरीद सीजन 2026-27 के लिए मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाये। संबंधित एसडीएम अपने क्षेत्र में स्थित मंडियों का दौरा कर आवश्यक सुविधाएं जांचे और आवश्यकता अनुसार सभी प्रबंध करवाये ताकि खरीद सीजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला की सभी 25 अनाज मंडियों में गेहूं खरीद का कार्य एक अप्रैल 2026 से शुरू होगा।



**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

» **खरीद प्रक्रिया में बायोमेट्रिक व फोटो अपलोड अनिवार्य**

» **मंडियों में सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

#### मंडियों व खरीद केंद्रों में केवल इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीनें ही प्रयोग की जाएगी

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे मंडियों व खरीद केंद्रों में पर्याप्त संख्या में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करवाये। सरकार के निदेर्शानुसार मंडियों व खरीद केंद्रों में केवल इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीने ही प्रयोग की जाएगी। मंडियों में सफाई व्यवस्था, पेयजल, रास्तों और शौचालयों की समुचित व्यवस्था हो। इसके साथ ही आढ़ती तिरपालों की व्यवस्था रखें। उन्होंने सभी मंडियों के अलावा खरीद केंद्रों में उपलब्ध स्थान के साथ-साथ गेहूं भंडारण के बारे में भी समीक्षा की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मार्केट कमेटी के सचिवों को निर्देश दिए कि वे यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि मंडियों में सभी मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध करवा दी गई है। मंडी के मुख्य प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल हो। इसके अलावा मुख्य प्रवेश द्वार पर कंप्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था भी करवाई जाए ताकि गेट पास जारी करने में असुविधा न हो। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का खातों सहित पूर्ण ब्यौरा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपडेट करें ताकि किसानों को अदायगी करते समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को इस संदर्भ में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी द्वारा सभी मंडियों में किसान सहायता केंद्र खोले जाएं तथा कर्मचारी की नियुक्ति भी की जाए। बैठक में एसडीएम पिहोवा अनिल दून, नगराधीश आशीष कुमार, डीएफएससी नरेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

---

## बाबा श्याम की भक्ति में रमा पिहोवा, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अनाज मंडी में आयोजित खाटू श्याम जागरण में जमकर भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ा। श्याम प्रेमी अपने अपने तरिके से बाबा श्याम रिझाने मे लगे थे। कुछ लोग छप्पन भोग लेकर दरबार पहुंचें तो कुछ ने फलों की टोकरियां भेंट की। श्याम परिवार के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाये हाथों में निशान लेकर शहर में निकली और बाबा के जयकारे लगाते हुए पंडाल में पहुंची। वहीं दूसरी तरफ भजन गायकों ने भी बाबा की महिमा का बखूबी गुणगान किया। श्याम प्रेमी बाबा की भक्ति से ऐसे जुड़े दिखे कि देर रात तक भी पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। कोलकाता से पहुंचें प्रसिद्ध भजन गायक शुभम रुपम ने अपनी गायकी से श्रद्धालुनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजसेवी सेन्सन पेपर मिल से एमडी प्रदीप सैनी और एमडी हरि सैनी ने ज्योति प्रचंड कर कार्यकम की शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा ने बाबा के समक्ष माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### संस्था को एक लाख राशि देने की घोषणा

उन्होंने अपने निजी कोष से संस्था को एक लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने समिति की पीठ थपथपाते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों से विचारों में शुद्धता आती है जोकि युवाओं के लिए बेहद आवश्यक है। समिति ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का सम्मान किया। तरसेम गर्ग, प्रधान अजय गर्ग, उपप्रधान नीरज गर्ग व रमेश गर्ग ने महंत बंसी पूरी, खटवांग पूरी, संत आत्म विभोर पुरी, साध्वी साधना बाई आदि को शॉल देकर आशीर्वाद लिया व मुख्य अतिथि जय भगवान शर्मा को सम्मानित किया। जागरण में श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर सेवादल, हैल्पिंग हैंड्स कमेटी, श्री गौरी शंकर सेवा दल, बाला सुंदरी कमेटी, गणेश उत्सव समिति अनाज मंडी, अग्रवाल सभा पिहोवा, रोटरी क्लब लायंस क्लब आदि ने व्यवस्था बनाने में भरपूर सहयोग दिया। इस अवसर पर समाजसेवी विशाल चावला, समाजसेवी अशोक मित्तल, नपा अध्यक्ष आशीष चक्रपानी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता शर्मा, हन्नु चक्रपाणि आदि मौजूद रहे।

---

## शक्तिपीठ में मन्नत मांगने पहुंचे श्रद्धालु

- नवरात्रि देवी दिवस के रूप में मां कात्यायनी की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



मां भद्रकाली शक्तिपीठ में षष्ठी तिथि पर नवरात्रि देवी दिवस के रूप में माँ कात्यायनी जी की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने कहा कि माँ कात्यायनी का स्वरूप शक्ति, साहस और धर्म की स्थापना का प्रतीक है। माँ की आराधना करने से जीवन में ज्ञान, सफलता और आत्मबल की प्राप्ति होती है। सायं 4 बजे आयोजित भजन संध्या में टी-सीरीज फेम गौरव शान कुरुक्षेत्र ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें गगनदीप गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंदिर में महासप्तमी के अवसर पर होने वाले इच्छापूर्ति हवन यज्ञ की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिर में श्रीदुर्गाष्टमी जागरण की तैयारियां भी जोरशोर से चल रही है। पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने बताया कि शक्तिपीठ का मुख्य उद्देश्य केवल श्रद्धा, विश्वास और धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना ही नहीं, बल्कि समुचित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखना भी है। उन्होंने घोड़े चढ़ाने की परंपरा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि महाभारत युद्ध से पूर्व युद्ध विजय कामना हेतु पांडवों ने माँ भद्रकाली का पूजन किया था तथा युद्ध के पश्चात घोड़े अर्पित किए थे। इसी परंपरा के अनुसार यहां भक्त शक्तित्रिशूल पर मन्नत का धागा बांधते हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धानुसार देवीकूप पर घोड़े चढ़ाते हैं।

### भजन संध्या में उमड़ा भक्ति का सागर

**पिहोवा।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज जी के पावन आशीर्वाद एवं विशेष प्रेरणा से आज पांचवें नवरात्रि के शुभ अवसर पर कैथल रोड पर एक अद्भुत और भाव-विभोर कर देने वाली भजन संध्या का आयोजन विनोद कौशिक के सौजन्य से बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विधिपूर्वक पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद भक्ति की मधुर सरिता बहने लगी। जैसे ही भजन गूंजे, वातावरण पूरी तरह से आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। नरेश शर्मा, रामपाल शर्मा, विनोद कौशिक, धर्मपाल बैरागी, अमित खुराना, सुशील गर्ग और कृष्ण कौशिक ने अपने सुरों की मधुरता से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत जीत आहूजा, बलदेव सैनी एवं हनु चक्रपाणि द्वारा विनोद कौशिक एवं उनके परिवार को माँ दुर्गा का पावन स्वरूप स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया।

## आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विस के पटल पर रखा : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कुरुक्षेत्र-कैथल व कुरुक्षेत्र-यमुनानगर फोरलेन को मंजूरी दिए जाने का किया स्वागत

हरियाणा के पूर्व मंत्री व थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में उन्होने थानेसर व प्रदेश स्तर के आमजन के विभिन्न मुद्दों को विधानसभा के पटल पर रखा। इतना ही नही उनके द्वारा कई बार रखी गई कुरुक्षेत्र-कैथल वाया ढांड फोर लेन व कुरुक्षेत्र यमुनानगर फोर लेन बनाने की मांग को पूरा किया गया है। अब यह सुविधा जल्द लोगों को मिलेगी। अशोक अरोड़ा मंगलवार को केडीबी रोड स्थित अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पार्षद मनू जैन, पार्षद राजेंद्र सैनी, पार्षद परमवीर सिंह प्रिंस, विवेक भारद्वाज डब्बू, सुनील राणा, जिला महासचिव कांग्रेस टेकचंद बारना, युवा जिलाध्यक्ष कुलदीप ढिल्लों, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश ओपी, बबलू गर्ग, मुकेश वाल्मीकि, विशाल मौदगिल, प्रदीप भारद्वाज व अन्य मौजूद थे। अशोक अरोड़ा ने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र बाईपास की उनकी मांग को भी सरकार ने स्वीकार किया है। बाईपास के तीन विकल्प रखे गए हैं। उनमें से किसी एक को अमलीजामा पहनाया जाएगा। अरोड़ा ने कहा कि उन्होने विधानसभा में किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों समेत हर वर्ग के मुद्दों को उठाया। किसानों के धान घोटाला को उन्होने विस पटल पर रखा।



---





### टीबी की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : रमेश चौधरी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। आमजन को टीबी के प्रति जागरूक करने के लिए रेडक्रॉस जिला टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में जागरूकता रैली भी निकाली गई। रेडक्रॉस सभागार में आयोजित जागरूकता सेमीनार में जिला सचिव रमेश चौधरी ने फर्स्ट एड ट्रेनिंग लेने पहुंचे युवाओं के साथ रेडक्रॉस कर्मियों को टीबी के प्रति जागरूक किया। जिला रेडक्रॉस सचिव रमेश चौधरी ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन विश्राम कुमार मीणा के निदेर्शानुसार रेडक्रॉस की ओर से टीबी उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वस्थ और सुरक्षित समाज के लक्ष्य को लेकर रेडक्रॉस द्वारा टीबी बचाव के प्रति लोगों को अवगत कराया जा रहा है। सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया गया जा रहा है और ग्राम पंचायतें भी टीबी उन्मूलन में भागीदार हैं, क्योंकि टीबी रोकथाम के लिए सामूहिम प्रयास जरूरी हैं। जिला सचिव रमेश चौधरी ने कहा कि समाज में टीबी को लेकर जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। सही समय पर इलाज मिलने से यह रोग पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

## वर्ष 2026-27 के बजट की स्वीकृति को लेकर विस्तार से किया मंथन

**श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में फाइनेंस कमेटी की मीटिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में मंगलवार को वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान की अध्यक्षता में हुई जिसमें वर्ष 2026-27 के बजट की स्वीकृति को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय का वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 170 करोड़ रुपए का बजट अनुमान प्रस्तुत किया गया। साथ ही वर्ष 2024-25 की बैलेंस शीट समिति के समक्ष रखी गई, जबकि वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 75 करोड़ रुपए का संशोधित बजट भी पेश किया गया। कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि यह बजट विश्वविद्यालय के समग्र विकास का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान गतिविधियों के विस्तार और आधुनिक आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संसाधनों का प्रभावी और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करते हुए आयुष शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं, कुलसचिव प्रो. तोमर ने कहा कि बजट का उद्देश्य विश्वविद्यालय की प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना और विभिन्न योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करना है। बैठक में वित्त अधिकारी अशोक ग्रोवर, वित्त विभाग के संयुक्त सचिव तिलक मेहता, आयुष विभाग की उपनिदेशक डॉ. सुषमा नैन, सीए दीपक राणा, तपीश गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।



## पोक्सो एक्ट में महिला सहित 9 आरोपियों को आजीवन कारावास

**6 साल की सुनवाई के बाद सुनाया फैसला**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने एक बेहद गंभीर मामले में फैसला सुनाया है। यहां नाबालिग लड़की को किडनैप करके होटल में बंधक बनाकर गैंगरेप किया। फिर उस लड़की को वेश्यावृत्ति में धकेल दिया। मामले में कोर्ट ने होटल संचालक, दलाल महिला समेत 9 आरोपियों को दोषी करार दिया। पोक्सो एक्ट के आरोपी बीर सिंह, सोनू उर्फ सोनू खान, डिम्पल गोयल, मनोज, रवि प्रकाश, संदीप कुमार, रेशम सिंह, सुरेन्द्र कुमार व एक महिला को अलग-अलग धारों में आजीवन कठोर कारावास व 14 लाख 9 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना सदर थानेसर एरिया वासी रोशन लाल ने बताया कि उसकी नाबालिग लडकी की दिमागी हालत ठीक नही है। 27 जनवरी 2020 को शाम के समय करीब 6.30 बजे उसकी लडकी अपने घर से दादी के घर गई थी लेकिन जब उन्होंने दादी के घर पता किया तो लडकी वहां नही पहुंची थी। उन्होंने काफी जगह तलाश किया लेकिन वह कहीं नही मिली। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक सत्या देवी द्वारा की गई। तफ्तीश के दौरान लडकी को सोनू खान के पास बरामद किया था। पुलिस ने सोनू खान को गिरफ्तार कर लिया। यहां पूरे मामले की कड़ी जुड़ गई। उसके बाद पुलिस दलाल काजल तक पहुंची और काजल के जरिए बाकी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। करीब 6 साल की सुनवाई के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। लडकी की मेडिकल जांच करवाकर आरोपियों को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

---



### ओंकार पूजन से पारिवारिक कार्यों में सामाजिक व आर्थिक कभी भी बाधा नहीं आती : दीक्षित

**कुरुक्षेत्र।** महोत्सव के शभावसर पर छठे- नवरात्र के पावन पर्व पर जय ओंकार सेवा समिति लाडवा की ओर से जय ओंकार अन्तर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार कुरड़ी वालों के सानिध्य में सामूहिक ओंकार महायज्ञ सामूहिक कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रीराम कुंडी मंदिर लाडवा में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम ओंकार ज्योति प्रज्वलित मां के स्वरूप कन्याओं द्वारा कर गुरु वंदना, गणेश पूजन, नवग्रह पूजन सतीश गगैण, जोगधयान, राकेश गोयल, दुर्गेश गोयल, आदि ने निराकार परब्रह्म परमात्मा का ओंकार पूजन के साथ सामूहिक रूप में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुरड़ी वाले महाराज ने कहा कि ओंकार महायज्ञ निराकार परब्रह्म परमात्मा का साक्षात स्वरूप है। ओंकार पूजन से परिवारिक कार्यों में सामाजिक व आर्थिक कार्यों में कभी भी बाधा नहीं आती परिवार में कभी अकाल कष्ट नहीं आता। परिवार में सुख शांति एवं समृद्धि सदैव निवास करती है।

**धर्म-कर्म**

### 27 एवं 28 मार्च को आयोजित होगा ऐतिहासिक सहस्त्र गीता कंठनाद महायज्ञ

# ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर एक हजार गीताव्रती साधक एक स्वर में करेंगे संपूर्ण गीता का कंठनाद

**देशभर से संतवृंद, मनीषी, धर्मप्रचारक, विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय संस्कृति की अक्षय निधि तथा अध्यात्म की शाश्वत धारा धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र एक बार पुनः उस दिव्य संवाद की साक्षी बनने जा रहा है जिसने युगों से मानवता को दिशा प्रदान की है। गीता परिवार के स्थापना काल के 40 स्वर्णिम वर्षों के उपलक्ष्य में सहस्त्र गीता कंठनाद राष्ट्र जागरण महायज्ञ बारे पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए गीता परिवार के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ आशु गोयल ने बताया कि 27 एवं 28 मार्च को पंजाबी धर्मशाला में आयोजित इस राष्ट्र जागरण महायज्ञ में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अविराम श्रृंखला सम्पन्न होगी।





**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते गीता परिवार के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ. आशु गोयल व उपस्थित उत्तरांचल प्रभारी मीनाक्षी गुप्ता एवं रूपल शुक्ला।

#### आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्वितीय उत्सव होगा

मार्च को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर जब 1000 से अधिक गीताव्रती साधक एक स्वर में संपूर्ण गीता का कंठनाद करेंगे तब यह दृश्य आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्वितीय उत्सव होगा। ये वे साधक हैं जिन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्यायों को कंठस्थ किया है। 28 मार्च को मुख्य कार्यक्रम सहस्त्र गीता कंठनाद पंजाबी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा जिसमें देशभर से संतवृंद, मनीषी, धर्मप्रचारक, विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि तथा समाज के प्रबुद्ध नागरिक सहभागिता करेंगे। बताया कि लर्नगीता विश्व का सबसे बड़ा निःशुल्क ऑनलाइन गीता अध्ययन अभियान है जिसमें 182 देशों के 15 लाख से अधिक साधक जुड़ चुके हैं। इस आयोजन में लगभग 1500 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता अपेक्षित है। इस अवसर पर उत्तरांचल प्रभारी मीनाक्षी गुप्ता, अद्वैत वेदांताचार्या एवं लर्नगीता की प्रोग्राम इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटर रूपल शुक्ला सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीषा वत्स द्वारा किया गया। सिद्धपीठ श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर ब्रह्मा सरोवर के अध्यक्ष डॉक्टर हिमांशु शर्मा ने गीता सेवियों का कुरुक्षेत्र में स्वागत किया।

##### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लर्नगीता कार्यक्रम संचालक कुमारी ज्योति शुक्ला, सुनीता खन्ना, ममता वर्मा, मीनू गोयल, सीमा गोयल, सत्यनारायण, राजेश भारद्वाज, डॉ लोकेश कुमार शर्मा, कमल शर्मा, मुकेश कुमारी सहित अनेक गीता सेवी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 24 बसों से भक्तों को करवाए गए माता के दर्शन

**अंबाला।** बीते रोज अंबाला डिपो की विशेष 24 बसों ने भक्तों को माता के दर्शन कराए। त्रिलोकपुर धाम पहुंचे भक्तों ने माता बाला सुंदरी के साथ-साथ देवी स्कंदमाता की पूजा कर आशीर्वाद लिया। नवरात्र में भक्तों की भीड़ को देखते हुए डिपो की बसें पांचवें दिन भी चलाई गई। भक्तों की सुविधा के लिए अंबाला शहर और नारायणगढ़ बस अड्डे से विशेष बसों का संचालन किया जा रहा है। इससे भक्तों को माता के दरबार तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। शहर और नारायणगढ़ में सुबह छह बजे से रोडवेज की बसें भक्तों को लेकर त्रिलोकपुर रवाना हुई। दोपहर तक 18 बसें जा चुकी थीं। पहले नवरात्र पर अंबाला डिपो की 12 बसें त्रिलोकपुर गईं। दूसरे नवरात्र पर 11 बसों का संचालन हुआ।

### डॉक्टर के बंद घर के ताले तोड़कर चोरी

**अंबाला।** न्यू दयाल बाग रोड पर चोरों ने डॉ. सुरेश कुमार के बंद मकान के ताले तोड़कर एक लाख रुपये के पीतल का सामान चुरा लिया। डॉ. सुरेश कुमार देशवाल ने बताया कि वह अभी डिफेंस कॉलोनी सेक्टर-सी में रह रहे हैं। सुबह करीब 7:45 बजे जब वह अपने बब्याल रोड स्थित मकान में आए थे। देखा कि मकान के ताले टूटे हुए थे व भीतर सामान बिखरा हुआ था। करीब एक लाख रुपये का पीतल सहित वॉश बेसिन व बाथरूम की टोंटियां गायब थी।

### बर्तन चोरी के आरोपी को भेजा जेल

**अंबाला।** पूजा विहार स्थित मकान से गैस सिलिंडर व बर्तन चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया। आरोपी की पहचान खोजकीपुर निवासी दीपू के रूप में हुई। सिलिंडर आदि सामान बरामद करने के बाद आरोपी को सोमवार कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में पूजा विहार निवासी सौरभ की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### विवाहिता ने पति पर लगाया ब्लैकमेल करने का आरोप

**अंबाला।** जनसुई गांव की एक विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर ब्लैकमेल कर शादी रचाने व दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। नग्गल थाना पुलिस ने पति इंद्रजीत सिंह सहित जसबीर सिंह, मलकीत कौर, परविंद्र कौर, गुरमीत सिंह पर केस दर्ज कर ली। पीड़िता काजल रानी ने बताया कि कुरुक्षेत्र के मीरापुर डेरा गांव के इंद्रजीत सिंह से उनकी पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। आरोप है कि होटल में मिलने के दौरान आरोपी ने उसकी कुछ तस्वीरें और वीडियो बना लिए थे। इन्हीं के आधार पर बदनाम करने की धमकी देकर आरोपी उसे बार-बार मिलने बुलाता और ब्लैकमेल करता रहा।

### नशे खत्म करने को सभी का सहयोग जरूरी

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि नशा केवल एक सामाजिक बुराई नहीं है बल्कि यह हमारे युवाओं के भविष्य और राष्ट्र की प्रगति से जुड़ा अति गंभीर विषय है। नशे को जड़ से खत्म करने के लिए सभी संबंधित विभागों को पूरी सतर्कता और आपसी तालमेल के साथ मिशन मोड में काम करना होगा। उपायुक्त मंगलवार को अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### परिवार ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**अंबाला।** मंत्री श्री अनिल विज ने अपने आवास पर छेड़छाड़ के आरोपी द्वारा युवती के पिता पर हमला करने के मामले में एसपी को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व सुरक्षा प्रदान निर्देश दिए। विज के आवास पर परिवार ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। परिवार ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि उनकी बेटी से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। मगर एक आरोपी ने जमानत पर बाहर आकर युवती के पिता पर हमला कर घायल कर दिया।

## एडीसी बोले, खरीद के दौरान किसानों को नहीं होनी चाहिए कोई दिक्कत

# मंडियों में एक से होगी गेहूं की खरीद व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने रबी सीजन को लेकर मंगलवार को एनआईसी कार्यालय के सभागार में खरीद एजेंसियों, मार्केट कमेटी सचिव, आढ़ती एसोसिएशन व अन्य की बैठक लेते हुए खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग का कार्य सुचारू रूप से चलना चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि रबी सीजन के तहत गेहूं खरीद का कार्य एक अप्रैल 2026 से शुरू हो जाएगा। इसके तहत सभी मंडियों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सभी आवश्यक प्रबंध होने सुनिश्चित होने चाहिएं।

**2.84 मीट्रिक टन गेहूं की आवक आने का अनुमान**

बैठक के दौरान उन्होंने डीएफएससी से जिले में कितनी मंडियां है, कौन-कौन सी खरीद एंजैसियां कार्य करेंगी। पिछले वर्ष कितनी गेहूं की आवक आई थी और इस वर्ष कितनी आने की उम्मीद है उसकी जानकारी ली।



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद अधिकारी व मंडी कारोबारी। फोटो: हरिभूमि

डीएफएससी ने अतिरिक्त उपायुक्त को बताया कि पिछले वर्ष 2.45 मीट्रिक टन गेहूं की आवक मंडियों में पहुंची थी। इस वर्ष 2.84 मीट्रिक टन गेहूं की आवक आने का अनुमान है। अतिरिक्त उपायुक्त ने ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे खरीद कार्य से पहले मंडियों का जायजा लें। यह भी सुनिश्चित करें कि सभी मंडियों में सभी आवश्यक प्रबंध होने चाहिए। खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि समय रहते गेहूं की खरीद होनी चाहिए और इसके साथ-साथ लिफ्टिंग का कार्य भी समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नियमानुसार गेहूं की फसल की जो भी पेमेंट है वह सीधा किसान के खाते में समय अवधि के तहत होनी चाहिए।

**ये कार्य समय से हों पूरे**

मंडियों में किसानों के बैठने के लिए, पेयजल, शौचालय , बिजली की व्यवस्था के साथ-साथ जो अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। गेट पास के साथ-साथ मंडियों में आने-जाने के लिए यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से रहे, इसके लिए पुलिस भी समय रहते जो कार्य करने हैं उन्हें करे। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि मंडियों में जो अटल किसान मजदूर कैंटीन है वह भी सुचारू रूप से चलनी चाहिए ताकि किसानों व अन्य को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इसके साथ-साथ मंडियों में हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि खरीद कार्य में किसानों व अन्य को सहुलियत हो सके।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, डीएफएससी निशांत राठी, डीएम हैफेड दविंद्र कुमार, डीएमईयू, मार्केट कमेटी सचिव दलेल सिंह, एफसीआई के अधिकारी, खरीद एजेंसियों के अधिकारी, मंडी एसोसिएशन से मक्खन गोयल, दूनी चंद, आढती गौरव के भी मौजूद रहे।

**मंडी व्यवस्थाओं को समयबद्ध सुधारने के निर्देश**

एफसीआई से आए अधिकारी को निर्देश दिए कि रैक की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य जो कार्य उनके विभाग से सम्बन्धित है वे भी समयबद्ध तरीके से होने चाहिए। उन्होंने आढती एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी कहा कि वे भी मंडी में तिरपाल व झरने की व्यापक व्यवस्था रखें ताकि किसानों व खरीद एजेंसियों को सहुलियत मिल सके। सभी मंडियों में बारदाने की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए। धर्मकाटें सुचारू रूप से चलें, मोसचर मीटर की व्यवस्था रहे।

## श्री हनुमान मंदिर में मनाई जाएगी भगवान हनुमान की जयंती

- कार्यक्रम की शुरुआत 29 मार्च 2026 को प्रात: 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ के प्रारंभ एवं रुद्राभिषेक के साथ होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

श्री हनुमान जयंती को लेकर शहर के जीटी रोड, मोहड़ा स्थित मनोकामना सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर श्री आंजनेय चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से पांच दिवसीय मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 29 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ के प्रारंभ एवं रुद्राभिषेक के साथ होगी। अगले दिन 30 मार्च को भी इसी प्रकार रामचरितमानस पाठ और रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। 31 मार्च को श्री रामचरितमानस का समापन, रुद्राभिषेक तथा सायंकाल में चंडी पाठ का शुभारंभ होगा। इसी कड़ी में 1 अप्रैल 2026 को चंडी पाठ का समापन, रुद्राभिषेक एवं सायं 4 बजे से हवन का आयोजन रखा गया है, जो रात्रि 8 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जी का विशेष अभिषेक प्रातः 9 बजे किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी पूर्णानंद महाराज ने हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकारों को बताया कि श्री हनुमान हिंदू धर्म में शक्ति, भक्ति और निष्ठा के प्रतीक माने जाते हैं। वे भगवान श्रीराम के परम भक्त और संकट मोचन के रूप में पूजे जाते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से उनकी आराधना करने से भय, बाधाएं और नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं। हनुमान को बल, बुद्धि और विद्या के दाता के रूप में भी जाना जाता है। मंगलवार और शनिवार को उनकी पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। हनुमान जयंती के दिन उनका जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा भाव से मनाया जाता है।



श्री हनुमान की तस्वीर।

**सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध**

स्वामी पूर्णानंद महाराज ने बताया कि श्री हनुमान की जयंती का वार्षिक उत्सव हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु भाग लेते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक भावना को बढ़ावा देना और लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित करना है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

- अवैध कॉलोनी में हो रहे थे निर्माण, डीटीपी के दस्ते ने की तोड़फोड़ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया सदर के गांव बोह में लगभग 0.6 एकड़ लगभग में अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। इस कार्रवाई के दौरान अवैध कॉलोनी में बनी हुई कच्ची सडक़ों के जाल को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार - रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, एसएचओ इंफोर्समेंट भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने लोगों से अपील की है कि वे प्रॉपट्री डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लाट दुकान न खरीदें। ये लोग लोगों को लालच देकर गैरकानूनी तरीके से अवैध कॉलोनियों में जमीन बेच देते हैं। उन्होंने इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया। बताया कि ऐसी कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



अंबाला। अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण ढहाती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

## मन ले के आया माता रानी के भवन में ....

- गुदगुदी जंक्शन समूह शाखा द्वारा सनातन धर्म मंदिर में भजन संध्या 'दाती दा दरबार' आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह शाखा द्वारा सनातन धर्म मंदिर में सांय भजन संध्या ₹दाती दा दरबार₹ आयोजित की गई। जानकारी देते हुए धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन प्रभारी सुशील गोयल ने बताया कि धार्मिक ग्रुप ₹भक्ति सागर₹ द्वारा बसंतीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में 11 गायकों ने मां दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित बुद्धि वल्लभ त्रिपाठी और पंडित प्रवेश उनियाल ने संरक्षक जितेंद्र बंसल,संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़,मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ.संजय गौतम और सनातन धर्म मंदिर सभा के पदाधिकारियों से मां दुर्गा पूजन संपन्न कराया। तत्पश्चात मां की पावन जोत प्रज्ज्वलित करके चुनरी रस्म की गई। इसके पश्चात गणेश स्तुति,सरस्वती एवं गुरु वंदना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा ने 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी'...,मंजू अरोड़ा ने ₹मन ले के आया माता रानी के भवन में₹ ...,राजकुमार शांडिल्य बरगट ने 'सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोंवाली,बिगड़े बना दे मेरे काम दातिए'...,ललित वर्मा ने ₹दुर्गा है मेरी मां अंबे है मेरी मां'...,सुरेश कुमार ने 'आ जा मां तैनू अंखियां उड़कि दियां₹..., सुशील चौहान ने 'तूने मुझे बुलाया शेरांवालिए'... इत्यादि भजनों की प्रस्तुतियां दी।



अंबाला। दाती दा दरबार कार्यक्रम में प्रस्तुति देती कलाकार। फोटो: हरिभूमि

**पंडाल माता के जयकारों से गूंजा**

इस दौरान महिला संकीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन भी किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. संजय गौतम ने किया। भजनों के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात मां दुर्गा को मिष्ठान्न,मेवों और फलों का भोग लगाया गया। पूरा पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंजा। मंदिर कमेटी द्वारा पदाधिकारियों को मां दुर्गा का स्वरूप,नारियल और चुनरी भेंट की गई और भजन संध्या में आई महिलाओं को श्रृंगार सामग्री वितरित की गई।

## उपभोक्ताओं को बांटे 50-50 हजार के चेक

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को दी जा रही राज्य सरकार की सब्सिडी का लाभ मंगलवार को बिजली विभाग एक्सईएन कार्यालय में वितरित किया गया। इस अवसर पर एक्सईएन विशाल सैनी और केसरी सब-डिविजनल ऑफिसर अतितोश सिंह द्वारा 26 उपभोक्ताओं को 50-50 हजार रुपये की तक की सब्सिडी के चेक सौंपे । यह योजना के तहत दो किलोवॉट सोलर लगवाने पर सब्सिडी के तहत दिए गए हैं। नियमानुसार यह उन उपभोक्ताओं को दिया गया है जिनकी बिजली खपत सालाना 2400 यूनिट से कम और सालाना आय 1.80 लाख से कम है साथ ही उनका दो किलोवॉट तक का लोड़ है। एक्सईएन विशाल सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार दोनों की ओर से सब्सिडी दी जाती है। केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी उपभोक्ता को तुरंत मिल जाती है, जबकि राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी चेक के माध्यम से बिजली विभाग द्वारा वितरित की जाती है।



अंबाला। सोलर उपभोक्ताओं को सब्सिडी के चेक वितरित करते बिजली अधिकारी।

**ऊर्जा अपनाने के लिए किया प्रोत्साहित**

इसी क्रम में मंगलवार को लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। इसमें बराड़ा, मुलाना, साहा और इंडस्ट्रीयल एरिया अंबाला के बिजली उपभोक्ता शामिल रहे। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और उनके बिजली बिलों में को जीरो पर लाना है। उन्होंने बताया कि वो कई ऐसे उपभोक्ताओं को जानते है जिनका बिजली बिल सोलर लगवाने के बाद जीरो हो चुका है।

## शिक्षकों को दी गई योग्यता-आधारित शिक्षा और अनुभवात्मक अधिगम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा' विषय पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों की एनसीएफ में बताए गए मूल सिद्धांतों और शिक्षण पद्धतियों की समझ को बढ़ाना था। इस कार्यशाला में योग्यता-आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम और शिक्षार्थियों के समग्र विकास के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी गई। जैसा कि इस रूपरेखा में परिकल्पित है। संसाधन व्यक्ति, ज्योति जिंदल ने शिक्षण की नवीन रणनीतियों, मूल्यांकन की प्रभावी पद्धतियों और छात्रों में आलोचनात्मक सोच व रचनात्मकता को बढ़ावा देने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।शिक्षकों ने इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया, और सार्थक चर्चाओं, सहयोगात्मक गतिविधियों तथा चिंतनशील अभ्यासों में शामिल हुए। यह कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, जिसने शिक्षकों को ऐसे व्यावहारिक उपकरण और तकनीकें प्रदान कीं, जिनकी सहायता से वे अपनी शिक्षण पद्धतियों को बदलते शैक्षिक परिदृश्य के अनुरूप ढाल सकें। इस कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक माहौल में हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने इस जानकारीपूर्ण और संवादात्मक सत्र की सराहना की।



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### ठगी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस ने धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के दो मामलों में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता गुरबचन सिंह वासी गांव सीवन माजरा की शिकायत पर 22-03-2026 पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 20 लाख 21 हजार रूपये की राशि हड़प ली, न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। आरोपी की पहचान रमनदीप सिंह निवासी पृथ्वीनगर फर्कपुर जगाधरी वर्कशाप के तौर पर हुई है।

## महिला आयोग की ओर से सेंट्रल जेल में शहीदी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# नाटक के जरिए कलाकारों ने प्रस्तुत की शहीदों को जेल में मिली यातनाएं

लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों की गाथाएं जानने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के 95वें शहीदी दिवस के अवसर पर केंद्रीय कारागार में हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिए भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के अतुलनीय योगदान को दर्शाया गया है।

उपस्थित सभी बंदियों ने कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति की तालियां बजाकर सराहना की। जेल अधीक्षक सतविंद्र गोदारा ने हरियाणा महिला आयोग द्वारा यहां पर शहीदी दिवस पर करवाए गए कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि हमें अपने वीरों की गाथाओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए। शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू ने देश की स्वतंत्रता के लिए जो बलिदान दिया है वह हम सबके लिए गौरवपूर्ण है।



अंबाला। सेंट्रल जेल में कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले कलाकार मंचासीन। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर आयोग से गीता व प्रीती ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया के दिशा निर्देशानुसार केंद्रीय कारागार में शहीदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से यह बताया गया है कि हमारे वीर शहीदों ने देश की स्वतंत्रता के लिए जो बलिदान दिया है उस बारे सभी को जानकारी मिल सके। नाटक की निदेशक रेणू चावला ने बताया कि यहां पर जो नाटक की प्रस्तुति दी गई है उसमें कलाकारों ने शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के चित्रण को यहां पर बखूबी प्रदर्शित किया है। देश की आजादी के लिए जो-जो यातनाएं उन्होंने झेली थी उसे भी यहां पर नाटक के माध्यम से दिखाने का काम किया गया है। इस मौके पर डीएसपी गीता रानी, आयोग से प्रीति और गीता व अन्य बंदी मौजूद रहे।